तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 10 जुलाई 2024



4 अधूरे कार्य पूर्ण कराएं अन्यथा वसूली की कार्रवाई प्रारंभ करें : वसंत



# जल्द मिलेगी कटघोरा कॉलेज की छात्राओं को हॉस्टल की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के शासकीय महाविद्यालयों में छात्रों को आवासीय सुविधा देने हेतु हॉस्टल का निर्माण किया गया है। ऐसे ही हॉस्टल में कटघोरा स्थित शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय में 100 सीटर कन्या हॉस्टल का निर्माण किया गया था, किंतु किन्ही कारणवश हॉस्टल शुरू नहीं हो सका और रखरखाव के अभाव में जर्जर हो गया। बीते 10 वर्षों से हॉस्टल की यही स्थिति बनी हुई थी। अब जाकर डीएमएफ से हॉस्टल का जीर्णोद्धार कराने का निर्णय लिया गया है। दीवाली तक हॉस्टल को शुरू करने की योजना कॉलेज प्रबंधन ने तैयार की है।

काफी समय पहले पाली, पोड़ी उपरोड़ा और कटघोरा अनुविभाग के बीच केवल एक शासकीय महाविद्यालय हुआ करता था वह भी कटघोरा में। जहां पोड़ी उपरोड़ा पाली विकासखंड के छात्र-छात्राएं प्रवेश लिया करते थे। दूरदराज से छात्राओं ⏭ शेष पेज 3 पर

## डीएमएफ मद से हास्टल का होगा जीर्णोद्धार

**खास बात**

- प्रबंधन ने की दीवारली में हास्टल शुरू करने की तैयारी



### शुरू होगी सुविधा

महाविद्यालय में नये कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। गर्ल्स हॉस्टल की सुविधा दीवाली तक शुरू हो जाएगी। डीएमएफ से हॉस्टल के जीर्णोद्धार का कार्य किया जाएगा। इस संबंध में जिला प्रशासन में हुई बैठक में योजना तैयार हुई है।

-मदन मोहन जोशी, प्राचार्य कटघोरा महाविद्यालय

## उपेक्षा का दंश झेलता रहा महाविद्यालय

कटघोरा महाविद्यालय ग्रामीण अंचल का सबसे बड़ा महाविद्यालय है, उसके बावजूद शासन में बैठे जनप्रतिनिधियों ने कॉलेज के विकास को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई। उनका पूरा फोकस केवल कोरबा शहर के पीजी कॉलेज पर ही रहा। परिणाम स्वरूप आज के समय में प्रोफेशनल कोर्स की जरूरत महसूस की जा रही है। ऐसे में कटघोरा महाविद्यालय में प्रोफेसनल कोर्स की दरकार बनी हुई है। इस वर्ष पीजीडीसीए की कक्षाएं शुरू की जाएगी, जबकि डीसीए, बीसीए जैसे प्रोफेशनल कोर्स अभी भी शुरू होना बाकी है। कौशल उन्नयन के कोर्स महाविद्यालय में जरूर संचालित हो रहे हैं। जिनकी तीन घंटे की कक्षाएं संचालित होती है।

## खबर संक्षेप

### डिप्टी कलेक्टर विकास भारमुक्त

**कोरबा।** सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के तहत विकास कुमार चौधरी राज्य प्रशासनिक सेवा डिप्टी कलेक्टर कोरबा को विजय शर्मा उप मुख्यमंत्री गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के रूप में पदस्थ किया गया है। उक्त आदेश के परिपालन में कलेक्टर द्वारा कोरबा जिला से डिप्टी कलेक्टर विकास चौधरी को भारमुक्त कर दिया गया है।

### जिला स्तरीय तैराकी चयन ट्रायल 16 को

**कोरबा।** जिले में तैराकी का चयन ट्रायल छग तैराकी संघ भिलाई, जिला दुर्ग द्वारा निर्देशित भिलाई रिसाली डीपीएस स्कूल में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता 26 से 28 जुलाई तक होना है। स्वीमिंग एसोसिएशन के सचिव अशोक सक्सेना ने बताया कि जिसके लिए कोरबा जिले के तैराक भी 10 से 17 वर्ष तक के बालक एवं बालिका को भी इस प्रतियोगिता के लिए चयन होना है। जिले का चयन ट्रायल 16 जुलाई समय 12 बजे दोपहर इंदिरा स्टेडियम, टीपी नगर के स्वीमिंग पुल में होना है। जो बालक एवं बालिका इसके पात्र हों, सभी तैराक स्वीमिंग एसोसिएशन में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए फार्म ग्वालियर फर्नीचर रिकांडो रोड एवं इंदिरा स्टेडियम स्वीमिंग पुल से प्राप्त कर उसे दिनांक 13 जुलाई तक ग्वालियर फर्नीचर, रिकांडो रोड में जमा करें।

### रेलवे पार्सल आफिस में रखे सामानों की नीलामी आज

**कोरबा।** रेलवे प्रशासन द्वारा पार्सल आफिस में रखे हुए असंबद्ध एवं गैरसुपुर्द उपयोगी सामानों की खुली नीलामी समय-समय पर की जा रही है। इसी संदर्भ में सामानों की अगली खुली नीलामी 10 जुलाई दिन बुधवार को प्रातः 11 बजे से बिलासपुर स्टेशन के पार्सल आफिस में किया जाएगा। नीलामी की जाने वाली सामानों में डीप फ्रिजर, ट्रालीबैग, पानी एवं कोलड्रिंक की बोतलें शामिल हैं। इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस खुली नीलामी में भाग ले सकते हैं। रेलवे प्रशासन इच्छुक व्यक्तियों से आग्रह करता है कि वे इस खुली नीलामी में भाग लेने हेतु निश्चित परिचय-पत्र (आईडी) के साथ 10 जुलाई को समय 10.30 बजे से पहले बिलासपुर स्टेशन के पार्सल आफिस में उपस्थित हो सकते हैं।

### रेल कर्मियों ने मीडिया से साझा किया अपना अनुभव

**कोरबा।** रेलवे द्वारा लोको पायलट,-गार्ड (रनिंग स्टाफ) के साथ मीडिया कर्मियों की वार्ता आयोजित की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रेलवे को बेहतर दिशा में गतिशील बनाए रखने हेतु प्रशासन का प्रयास था। बिलासपुर मंडल भारतीय रेलवे में न केवल सर्वाधिक लदान करने वाला अपितु सबसे अधिक राजस्व देने वाला रेल मंडल है। युवाओं के बीच रेलवे में सेवा देने हेतु न केवल अत्यधिक क्रेज है, बल्कि समाज में लोको पायलट और गार्ड की नौकरी को अत्यंत ही सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। इस दौरान लोको पायलट ने परिचालन के दौरान गर्मियों में लोको केबिन के भीतर के उच्च तापमान का मुद्दा उठाया। रायगढ़ स्थित रनिंग रूम में साफ सफाई और खाने के स्तर में सुधार होना चाहिए। अकलतरा रनिंग रूम में लगातार वाइब्रेशन, अनाउंसमेंट की समस्या के बारे में चर्चा की गई। गार्ड, ड्राइवर के टूलबॉक्स को हटाये जाने का मुद्दा भी उठाया गया। महिला लोको पायलटों द्वारा इंजन में प्रसाधन की सुविधा का मामला उठाया गया। प्रबंधन की ओर से उपस्थित अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आने वाले दिनों में लगभग चार हजार लोको पायलट के पदों पर भर्ती की जा रही है एवं हर क्षेत्र में लगातार सुधार किया जा रहे हैं।

## यातायात पुलिस द्वारा शहर के चारों जोन में चलाया जा रहा है विशेष अभियान

# साल भर क्रेन से उठेगी बाइक और सड़कों पर होगा लॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अब साल के 12 महीने यातायात पुलिस शाम होते ही शहर के चारों जोन में एक्शन में नजर आएगी। हाट बाजारों में बेतरतीब वाहन पार्किंग करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। पेट्रोलिंग पर निकली यातायात पुलिस की क्रेन मोटरसाइकिल को अपने साथ उठाकर ले जाएगी। सड़क पर खड़ी चार पहिया वाहनों को लॉक कर जुर्माना वसूला जाएगा।

जिले की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने बीड़ा उठाया है। इसके लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान व यातायात प्रभारी गोवर्धन मांझी, एएसआई मनोज राठौर की अगुवाई में विशेष टीम गठित की गई है। शहर को कोसाबाड़ी चौक से सीतामढ़ी तक 4 जोन में डिवाइड किया गया है। शाम को 5 बजते ही देर रात लगभग 10 बजे तक इस पूरे इलाके में यातायात पुलिस पेट्रोलिंग करेगी। इस दौरान खरीददारी करने दो पहिया या चार पहिया वाहनों से बाजार आए लोगों द्वारा यदि अपनी वाहनों को सड़क पर बेतरतीब तरीके से खड़ा किया जाएगा तो पुलिस इन वाहनों पर कार्यवाही करेगी। एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने यातायात पुलिस को इस हेतु फ्री हैंड कर दिया है। जिसके बाद 1 जुलाई से यातायात पुलिस शहर में एक्शन में नजर आने लगी है। शाम होते ही सभी जोन में एएसआई स्तर के अधिकारी अपनी टीम के साथ पेट्रोलिंग कर बेतरतीब खड़े वाहनों पर कार्यवाही करने लगे हैं। इस दौरान टीम मोटरसाइकिलों को क्रेन में उठाकर अपने साथ यातायात थाने ले जा रही है। इसके अलावा सड़क पर चार पहिया वाहन को पार्किंग करने वालों को यातायात पुलिस मौके पर ही लॉक करने की कार्रवाई कर रही है। यातायात एएसआई मनोज राठौर ने बताया कि यातायात पुलिस अब रोज शाम से देर रात 10 बजे तक शहर के अलग-अलग इलाकों में पेट्रोलिंग कर कार्यवाही करेगी। यदि इसके बाद भी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आए तो ऐसे वाहन चालकों को सीधे न्यायालय में भी पेश करेगी।



वाहनों पर कार्यवाही करते यातायात पुलिस।

### 100 से अधिक गाड़ियों पर हो चुकी है कार्रवाई

यातायात एएसआई मनोज राठौर ने बताया कि शहर के सुनालिया पावर हाउस रोड व विशाल मेगामार्ट, कॉफी हाउस रोड पर शाम होते ही सबसे ज्यादा भीड़ होती है और लोग बेतरतीब वाहनों को खड़ा कर देते हैं। पुलिस द्वारा इन इलाकों में लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है और बेतरतीब वाहन पार्किंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पिछले 1 जुलाई से अब तक इस क्षेत्र में सबसे अधिक लॉक व गाड़ी जप्ती की कार्रवाई की जा चुकी है। खासतौर पर मॉल पर पार्किंग होने के बाद भी लोग सड़क पर ही गाड़ी खड़ाकर मॉल चले जाते हैं उनके खिलाफ पुलिस लगातार एक्शन में नजर आ रही है। पुलिस का कहना है कि सड़क पर पार्किंग करने वालों पर अब सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

### मल्टी लेवल पार्किंग का नहीं हो रहा है इस्तेमाल



शहर के टीपी नगर क्षेत्र में व सुनालिया से लेकर पावर हाउस रोड तक मुख्य बाजार है। जहां तीज त्यौहार के दौरान इसी इलाके में सबसे ज्यादा भीड़ उमड़ती है। आम लोगों को इस इलाके में खरीदारी व पार्किंग के लिए किसी तरह की समस्या ना हो इसके लिए नगर निगम द्वारा सुनालिया के समीप दाएं और करोड़ों की लागत से मल्टी लेवल पार्किंग बनाया गया है और यह पार्किंग बने कई वर्ष हो चुके हैं लेकिन अब तक इस पार्किंग का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। जिसके चलते यह खंडहर में तब्दील होते जा रहा है और इस स्थल पर अवैध गतिविधियां भी संचालित हो रही है। जिला प्रशासन और पुलिस को इस पार्किंग स्थल का समुचित इस्तेमाल करने की दिशा पर ठोस पहल करनी चाहिए जिससे लोगों को पार्किंग स्थल मिल सके।

### टीपी नगर क्षेत्र में पार्किंग की नहीं है व्यवस्था

शहर के हृदय स्थल कहे जाने वाले टीपी नगर क्षेत्र में आम लोगों के लिए गाड़ी पार्किंग करने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है जिसके चलते लोगों को सड़क पर ही गाड़ी खड़ी करनी पड़ती है। टीपी नगर में पूर्व में पार्किंग के लिए स्थल छोड़ी गई थी लेकिन इस स्थल पर टैक्सी स्टैंड बना दिया गया है जिसके चलते आम लोगों को पार्किंग करने के लिए खासी समस्याओं को सामना करना पड़ता है। जिला प्रशासन व नगर निगम को टीपी नगर क्षेत्र में आम लोगों के लिए पार्किंग के लिए उचित व्यवस्था करनी चाहिए।

### बुधवारी बाजार पार्किंग में नहीं होती गाड़ियां खड़ी



शहर का सबसे व्यस्ततम बाजार बुधवारी बाजार है। जहां बुधवार के अलावा प्रतिदिन बाजार लगता है और बड़ी संख्या में लोग बाजार करने पहुंचते हैं। खासतौर पर बुधवार के दिन यहां सुबह से देर रात तक लोगों की भारी भीड़ रहती है और लोग सड़क पर व सड़क के बीचो-बीच डिवाइडर पर भी मोटर सायकल को खड़ी कर देते है जबकि करोड़ो की लागत से नगर निगम द्वारा बुधवारी में पार्किंग स्थल व फूट ओवरब्रिज बनाया गया है ताकि लोग अपने वाहन को पार्क कर बाजार कर सकें लेकिन लोग पार्किंग का इस्तेमाल नहीं करते हैं और ना ही फूट ओवर ब्रिज का इस्तेमाल करते हैं जिसके चलते बुधवार के दिन बुधवारी से गुजरना लोगों के लिए जी का जंजाल बन जाता है। जिला प्रशासन और यातायात पुलिस यदि चाहे तो इस पार्किंग का इस्तेमाल कर काफी हद तक इस इलाके की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त कर सकती है।

### सड़क हादसे में पिता की मौत, पुत्र घायल

**कोरबा।** एक पिता पुत्र मोटरसाइकिल में सवार होकर आ रहे थे कि इसी दौरान बीच रास्ते में हादसे के शिकार हो गए। जहां दोनों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया था। इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला दर्री थाना क्षेत्र के ग्राम चोरभट्टी का है। यहां निवासरत मंगल सिंह पिता स्वर्गीय समार सिंह बिंझवार 65 वर्ष अपने पुत्र भीम सिंह के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर किसी काम से कटघोरा गया हुआ था। काम निपटाकर पिता पुत्र वापस लौट रहे थे तभी सलोरा और छुरी के बीच में उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और सड़क पर गिर पड़ी। इस घटना में पिता पुत्र दोनों को गंभीर चोट आने पर उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान मंगल सिंह की जिला अस्पताल में मौत हो गई है।

### सड़क किनारे मिली अधेड़ की लाश

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सरस्वती विद्यालय सीतामणी के सामने एक व्यक्ति का शव मंगलवार की सुबह मिला। जब कुछ लोगों की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम यहां पहुंची। इस दौरान मृतक की पहचान सीतामणी निवासी रविराज चौहान 54 वर्ष पिता जी पी चौहान के रूप में की गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

## भयादोहन करने वाले तीन लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत निवासरत सुभाष ब्लाक एसईसीएल कालोनी निवासी रवि नाग पिता स्व बूदू नाग एसईसीएल कोरबा में क्लब ब्वाय के पद पर कार्य करता है। 1 अप्रैल 2018 को अपनी मां का ईलाज के लिए इरफान उर्फ मोनू कुरैशी से 1 लाख 80 हजार रूपये नगद 10 प्रतिशत मासिक ब्याज के हिसाब से लिया था जिसका लिखापढ़ी 50 रूपये का स्टाम्प में हुआ था तथा रकम के एवज में इरफान ने रवि नाग का वेतन वाला एसबीआई बांकीमोंगरा बैंक खाता खाता का एटीएम कार्ड, एसबीआई खाता का चेक बुक 10 नग कोरा जिसमें रवि के हस्ताक्षर है। 1 अप्रैल 2018 से रकम लेने के एक माह बाद से वह लगातार रवि के एटीएम, फोन पे, यूपीआई नेट बैंक के माध्यम से पैसा निकालता था वह 1 अप्रैल से फरवरी 2024 के मध्य रवि खाता के एटीएम/ फोन-पे/ यूपीआई के माध्यम से 7 लाख रूपये निकाल लिया है। रवि द्वारा मोनू उर्फ इरफान कुरैशी को बोला गया कि तुम अपना पूरा ब्याज और मूलधन ले लिये हो, तब वह और ⏭ शेष पेज 3 पर

## पहले ब्लेड से अपना गला रेता, फिर छत से लगा दी छलांग, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- घंटाघर स्थित निगम काम्पलेक्स की घटना

एक 30 वर्षीय युवक ने पहले अपने गले को ब्लेड से रेत लिया फिर नगर निगम के तीन मंजिला काम्पलेक्स से छलांग लगा दी। घटना के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई इसकी सूचना पुलिस व एंबुलेंस को दी गई। सूचना पाते ही एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची और जख्मी युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां कुछ घंटे के इलाज के बाद युवक की मौत हो गई। युवक ने यह कदम किसलिए उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम पर जांच कर रही है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के खपराभट्ठा भट्ठा निवासी खिलेश्वर पात्रे नामक युवक मंगलवार की सुबह लगभग 11:30 बजे घंटाघर स्थित नगर निगम के तीन मंजिला काम्पलेक्स की छत में चढ़ा पहले उसने ब्लेड से अपने गले को रेत लिया फिर कुछ ही देर बाद ऊपर छत से नीचे छलांग लगा दी। उसके छलांग लगाते ही जोर की आवाज हुई जिसे सुनकर ⏭ शेष पेज 3 पर



वह काम्पलेक्स से जहां से कूदा युवक, इनसेट में युवक का शव।

### चौथी मंजिल से गिरकर अधेड़ की मौत

एक 48 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति तड़के अपने घर के चौथी मंजिल से अचानक नीचे आ गिरा। जब परिजनों को इसकी भनक लगी तो आनन फानन में उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान अधेड़ की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के धरम अस्पताल के ठीक पीछे निवास करने वाले मुकेश कुमार 48 वर्ष मंगलवार की तड़के अपने घर की चौथी मंजिल से अचानक नीचे गिर गया। जब उसके गिरने की तेज आवाज आयी तो उसके परिजनों को इस घटना की जानकारी हुई और मुकेश को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मुकेश चौथी मंजिल से कैसे और किन परिस्थितियों में गिरा है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मांगे पूरा नहीं होने से आक्रोशित श्रमिक नेताओं ने खोला मोर्चा

# संयुक्त श्रमिक संगठन का गेवरा प्रोजेक्ट कार्यालय में धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कैडर स्कीम लागू करने सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर केन्द्रीय श्रमिक संगठन ने गेवरा प्रोजेक्ट कार्यालय में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। श्रमिक संगठनों के धरना प्रदर्शन की वजह से प्रोजेक्ट का काम बाधित हो गया। आखिरकार गेवरा जीएम (प्रोजेक्ट) ने जल्द से जल्द कैडर स्कीम सहित अन्य मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद केनद्रीय श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के केद्रीय श्रमिक संगठनों ने कुछ दिनों पूर्व गेवरा महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा था, जिसमें उल्लेख किया गया था कि गेवरा परियोजना एवं गेवरा क्षेत्र के कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ते ही जा रहा है। दरअसल कर्मचारियों से क्षमता से ज्यादा कैपिसिटी की मशीनों का परिचालन करवाया जा रहा है, पर उसका फायदा प्रबंधन द्वारा नहीं दिया जा रहा है। साथ ही कालोनी में बिजली, पानी एवं डस्ट की समस्या, खदान में शुद्ध एवं ठंडा पीने के पानी का कोई इंतेजाम प्रबंधन द्वारा नही किया गया है। कालोनी की स्थिति काफी खराब है। सुरक्षा एवं सफाई के नाम पर सिर्फ दिखावा किया जा रहा है। एवं श्रमिक कल्याण पूरी तरह से चरमरा गयी है। केन्द्रीय श्रमिक संगठनों ने मांग की थी कि

केडर स्कीम के आते तक उच्च क्षमता की एचईएमएम जैसे 42 क्यूमी सावेल, 240 व 150 टन डम्पर, डोजर, ग्रेडर, क्रेन एवं ड्रील इत्यादि को संचालित करने वाले ऑपरेटरों को 4 घंटे का अतिरिक्त फायदा (ओव्हर टाईम) के रूप में दिया जाए। गेवरा क्षेत्र के विभिन्न विभागों में कार्यरत सभी ठेका मजदूरों की हाजरी एमटीके के माध्यम से फार्म-डी रजिस्टर एवं बायोमेट्रिक मशीन में लगाया जाये। गेवरा क्षेत्र के विभिन्न विभागों में कार्यरत सभी ठेका मजदूरों को एचपीसी का भुगतान किया जाये, एवं उनके पीएफ कटौती, व्हीटीसी ट्रेनिंग एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराया जाए। आवासीय परिसर ऊर्जानगर दीपका कालोनी में बिजली कटौती का सिलसिला युद्ध ⏭ शेष पेज 3 पर



धरना देते श्रमिक संगठन के सदस्य।

### आश्वासन पर धरना प्रदर्शन समाप्त

कुछ मांगों को लेकर प्रबंधन सहमति जताई थी, पर कुछ मांगों को पूरा नहीं करने की वजह से संयुक्त श्रमिक संगठन द्वारा जीएम प्रोजेक्ट कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया। प्रबंधन द्वारा जल्द से जल्द मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया।

-रेशमलाल यादव, केन्द्रीय अध्यक्ष, एचएमएस

### महिला से मंगल सूत्र की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाभांठा निवासी फुलवंती देवी चौधरी घरेलू काम करती है। वह 7 जुलाई की शाम भगवान जगन्ननाथ यात्रा देखने अपनी पुत्री आरती चौधरी एवं बहु अनीता चौधरी के साथ बस स्टैण्ड बालको गयी थी। भगवान जगन्ननाथ यात्रा के दौरान बहुत से लोग रस्सी को खींच रहे थे तो फुलवंती भी रस्सी को बालको बस स्टैण्ड पंडाल के पास खींच रही थी। उसी दौरान रात्रि 8 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा फुलवंती के गले में पहना सोने का मंगल सूत्र कीमती लगभग 30 हजार रूपये किसी ने झपट्टा मारकर चोरी कर लिया। फुलवंती की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।



# बॉबी सालों तक बेरोजगार रहा शराब की भी लग गई थी लत

**नई दिल्ली।** बॉबी देओल ने कुछ हिट फ़िल्में भी दी लेकिन फिर वो मुकाम भी आया जब इनका करियर ढलान पर चला गया। फिल्मों के ऑफर कम होते चले गए और इसने खुद को शराब की लत में डुबो लिया। वे कई सालों तक बेरोजगार रहा। लेकिन फिर किस्मत का सितारा चमका और एक सच्चा दोस्त सलमान खाने इनके लिए मसीहा बन गया। आज बॉबी सबसे बीजी पैन इंडिया स्टार बन गया है। हम जिस अभिनेता की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि बॉलीवुड के हीमैन यानी धर्मेंद्र के बेटे और सनी देओल के छोटे भाई बॉबी देओल हैं।

लाइफ Style

# उर्फी
## नशे की हालत में दिखाई दीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उर्फी जावेद ने सबका ध्यान अपनी ओर एक बार फिर तब खींचा जब वह मुंबई में एक पार्टी से बाहर निकलीं लेकिन सीधे चल नहीं पा रही थीं। इस दौरान उन्हें देखकर यही लग रहा था कि उर्फी नशे की हालत में हैं और उन्होंने कुछ हद से ज्यादा ही शराब पी रखी है।

उर्फी जावेद ने शनिवार रात को एक पार्टी में शराब पीकर आने की अटकलों को एक बार फिर से हवा दे दी है। यह अफवाह ऑनलाइन साझा किए गए एक वीडियो से फैली, जिसमें उर्फी को चलने में दिक्कत हो रही थी। बिग बॉस ओटीटी की पूर्व प्रतिभागी उर्फी को कुछ दोस्त और उनकी बहन रेस्टोरेंट से साथ बाहर लाए। इस समय उर्फी की हालत देखकर ही पता चल रहा था कि मामला कुछ ज्यादा ही गंभीर है, क्योंकि इस दौरान उर्फी की चाल बदली नजर आई। इस दौरान उर्फी ने गुलाबी रंग की शॉर्ट मिनी ड्रेस पहनी हुई थी। उर्फी ने अपने बालों को बांधा हुआ था। उर्फी हमेशा की तरह खूबसूरत दिख रही थी। पार्टी के बाद, जब उर्फी को उनकी कार तक बड़ी ही मुश्किलों से पहुंचाया गया। कैमरों से घबराई हुई उर्फी अपनी दोस्त और बहन को पकड़कर कार की ओर जाती दिखीं। अभिनेत्री अपनी कार तक पहुंचने में सफल रहीं और उसमें बैठ गईं, जबकि उनकी दोस्त ने कैमरामैन से पीछे हटने का अनुरोध किया। वीडियो को इंस्टाग्राम पर कई यूजर्स ने साझा किया है। अब उर्फी के इस वीडियो के बाद यूजर्स लगातार सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'वह बहुत नशे में है।'



हॉलीवुड मसाला



# 'अफ्रेड' 30 अगस्त को होगी रिलीज

**लॉस एंजिलिस।** सोनी की साइंस-फिक्शन हॉरर फिल्म 'अफ्रेड' में जॉन चो और कैथरीन वॉटरस्टोन नजर आएंगे। यह फिल्म डिजिटल फैमिली असिस्टेंट के बारे में है जो जानलेवा बन जाता है। जॉन चो और कैथरीन वॉटरस्टोन फिल्म में अहम भूमिका में दिखाई देंगे। डिजिटल फैमिली असिस्टेंट एआईए परिवार के व्यवहार को जानती है और उनकी जरूरतों का अनुमान लगाना शुरू कर देती है। ब्लमहाउस द्वारा निर्मित यह फिल्म 30 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# अगले साल रिलीज होगी फॉर्मूला वन मूवी 'एफ1'

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के फेमस और दमदार एक्टर ब्रैट पिट की फॉर्मूला वन मूवी 'F1' की रिलीज का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। वार्नर ब्रदर्स और एप्पल की तरफ से इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है, जिसने रोंगटे खड़े कर दिए। 'टॉप गनः मेवरिक' के डायरेक्टर जोसेफ कोसिंस्की ने इसका निर्देशन किया है और ये फिल्म अगले साल 2025 में रिलीज होगी। 1 मिनट 45 सेकेंड के वीडियो में रेस ट्रैक और उस पर फर्राटा भरती हुईं रेसिंग कार दर्शकों की एक्साइटमेंट को बढ़ा रही हैं। इस फिल्म को 25 जून 2025 को थिएटर्स में देख सकेंगे। ये यूएस और कनाडा में 27 जून को दस्तक देगी। इसका टीजर देखते ही फैंस कह रहे हैं कि ये पक्का ऑस्कर में जाएगी। 60 साल के ब्रैट पिट को एक एक्स रेसर के किरदार में देखा जाएगा, जो फॉर्मूला 1 में वापस लौटता है।



# मनीषा को फोटोग्राफर ने लगाई थी डांट...

**मुंबई।** मनीषा कोइराला ने एक चौंकाने वाला किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि एक बार एक मशहूर फोटोग्राफर ने उनसे टू-पीस बिकिनी में पोज देने के लिए कहा था। हालांकि, वे तैराकी के लिए बिकिनी पहनती हैं, लेकिन उन्होंने फोटोशूट के लिए मना कर दिया। उन्होंने कहा, 'मेरे करियर की शुरुआत में ही मुझे तस्वीरें लेने के लिए कहा गया था और वहां एक बहुत प्रसिद्ध फोटोग्राफर थे। उन्होंने कहा, 'तुम अगली सुपरस्टार हो और यह और वह।' फिर वह मेरे पास एक टू-पीस बिकिनी लेकर आया और मुझे इसे पहनने के लिए कहा। मैंने उससे कहा, 'सर, मैं इसे तब पहनती हूं, जब मैं समुद्र तट पर जाती हूं या तैराकी के लिए जाती हूं, लेकिन अगर मुझे फिल्मों में आने के लिए इस तरह से जाना है तो मैं इसे नहीं चाहती और मैं इसे नहीं पहनूंगी। तो फोटोग्राफर ने उन्हें डांटा।



# डांस से करोड़ों की दौलत कमा चुके हैं...

**नई दिल्ली।** अपने स्लो मोशन डांस के जरिए लोगों का दिल जीतने वाले राघव जुयाल 10 जुलाई को अपना 33वां बर्थडे सेलिब्रेट करेंगे। राघव जुयाल अब डांसर के साथ-साथ एक एक्टर भी बन चुके हैं। उन्होंने सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वहीं अब वो हालिया रिलीज फिल्म 'किल' के जरिए बड़े पर्दे पर धमाल मचा रहे हैं। जिसमें उनकी एक्टिंग की भी खूब तारीफ हो रही है। इस रिपोर्ट में हम आपके लिए राघव की लैविश लाइफस्टाइल, इनकम और नेटवर्थ की डिटेल्स लेकर आए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार राघव एक एपिसोड के लिए 3 लाख से ज्यादा रुपए जार्च करते हैं। इसके अलावा उनके सोशल मीडिया और ब्रांड एंडोर्समेंट से भी तगड़ी कमाई होती है।

टीवी मसाला





# दूरदर्शन में देखिए दुनिया भर में मशहूर भारत की निधियां

**नई दिल्ली।** 'अतुल्य भारत की अमूल्य निधियां' शो में देश के विभिन्न हिस्सों से कई विशेषज्ञ, किसान और उत्पादक शामिल होंगे, जो इन अनूठे जीआई-सत्यापित उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा करेंगे। दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके फिल्म निर्माता सतीश पांडे भारतीय दर्शकों के लिए एक नया आकर्षक शो लेकर आए हैं, जो भारत के विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्राप्त उत्पादों को दिखाने पर केंद्रित है। इस शो का नाम 'अतुल्य भारत की अमूल्य निधियां' है। इस शो में देश के विभिन्न हिस्सों से कई विशेषज्ञ, किसान और उत्पादक (जीआई प्रमाणित) शामिल हैं, जो इन अनूठे जीआई-सत्यापित उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा कर रहे हैं। 'इंडियन आइडल', 'जी सिनेस्टार्स' और 'खुल जा सिम सिम' जैसे लोकप्रिय शो में अपनी मेजबानी के लिए जाने जाने वाले अनुभवी भारतीय अभिनेता अमन वर्मा इस नए शो के होस्ट हैं। यह शो 6 जुलाई से शुरू हो चुका है। यह शो दर्शकों को भारत की समृद्ध कृषि, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास करेगा। इस शो का प्रसारण दूरदर्शन के प्रमुख चैनल डीडी नेशनल पर हर शनिवार सुबह 11 बजे और इसका पुनः प्रसारण शाम चार बजे हो रहा है।

# अरमान के थप्पड़ कांड के बाद इस गायक का जीना मुश्किल

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय गायक और संगीतकार अरमान मलिक अपने कई दिल को छू लेने वाले गानों के लिए जाने जाते हैं। हालांकि, वे अपने जीवन को कम महत्वपूर्ण रखना पसंद करते हैं, लेकिन गायक की हाल ही में की गई प्रतिक्रिया ने सुर्खियां बटोरी हैं। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अरमान ने उन लोगों के लिए एक लंबा स्पष्टीकरण नोट साझा किया है, जो उन्हें बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 के प्रतिभागी अरमान मलिक के साथ जोड़ रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं। मेरा इस व्यक्ति से कोई संबंध नहीं है और मैं किसी भी तरह से उसका या उसकी जीवनशैली का समर्थन नहीं करता हूं। यह स्थिति मेरी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रही है और इतने सारे लोगों को गुमराह कर रही है, जिन्होंने वर्षों से मेरा समर्थन किया है।



# आसान नहीं है पैरेंटिंग

**नई दिल्ली।** हाल ही में एक इंटरव्यू में करण ने कहा, 'यह एक आधुनिक परिवार है। यह एक अलग परिस्थिति है, इसलिए अब मैं भी बच्चों के इस सवाल से जूझ रहा हूं कि वह किसके पेट से पैदा हुए? लेकिन मम्मा सच में मम्मा नहीं हैं, वह दादी हैं। मैं स्कूल जा रहा हूं, काउंसलर के पास, यह पूछने के लिए कि हम इस स्थिति से कैसे निपटें? और यह आसान नहीं है, माता-पिता बनना कभी आसान नहीं होता।' इसके अलावा, करण ने कहा कि वह अपनी असुरक्षाओं को अपने बेटे पर थोप रहे हैं। उन्होंने खुलासा किया कि जब वह अपने बेटे को चीनी खाते और वजन बढ़ते देखते हैं, तो उन्हें उसके बारे में चिंता होने लगती है। मैं उससे यह नहीं कहना चाहता, क्योंकि यही वह उम्र है, जिसमें मैं उसका जीवन जीना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि वह खुश और प्रसन्न रहे, क्योंकि वह एक खुश बच्चा है। वह अपने बेटे को क्रिकेट या फुटबॉल खेलने और वे सभी चीजें करने के लिए कहते हैं जो उन्होंने नहीं कीं। मुझे ऐसा माता-पिता नहीं बनना चाहिए। मैं चाहता हूं कि मेरा बच्चा अपनी पसंद का व्यक्ति बने, मेरी बेटी और मेरा बेटा दोनों। फिल्म निर्माता ने साझा किया कि उन्होंने अपने बेटे को डांट लगाई थी, लेकिन बाद में उन्होंने इसके लिए माफी भी मांगी।



# जावेद अख्तर को घमंडी समझती थीं शबाना आजमी, कैसे हुआ प्यार, खुद एक्ट्रेस ने बताया

*__नई दिल्ली।__ शबाना आजमी और जावेद अख्तर को इंडस्ट्री के पावर कपल्स में से एक माना जाता है। दोनों की जोड़ी शुरुआत से ही फैंस की फेवरेट रही है।अब एक्ट्रेस ने अपने नए इंटरव्यू में बताया है कि शुरुआती दिनों में वो जावेद अख्तर को घमंडी समझती थीं और उनसे दूरी बनाए हुए थीं। हालांकि बाद में उन्हें समझ आया कि उनकी सोच गलत है। अरबाज खान के टॉक शो 'द इनविंसिबल सीरीज' में बात करते हुए शबाना ने बताया कि जावेद अख्तर शुरुआती दिनों में उनके पिता से मिलने उनके घर आया करते थे। शबाना के पिता मशहूर उर्दू कवि कैफी आजमी थे। उन्होंने कहा, 'हम दोनों के ही पिता कम्युनिस्ट और गीतकार थे। हमारे बैकग्राउंड मिलते-जुलते थे। उन दिनों उन्होंने (जावेद अख्तर) शायरी सुनाना शुरू किया था और वो मेरे अब्बा को अपना लिखा हुआ सुनाने घर आते थे।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'लेकिन मैंने उनसे दूरी बनाई हुई थी, क्योंकि मैंने सुना था कि सलीम-जावेद की जोड़ी घमंडी है और उनसे दूर रहना ही अच्छा है। तो मैंने उनपर खास ध्यान नहीं दिया था। मेरी फिल्म स्पर्श (1980) देखने के बाद उन्होंने बहुत तारीफ की थी। फिर वो मेरे घर आए और हम सभी, जिन्होंने फिल्म में काम किया था, उन्हें आमंत्रित किया। उन्हें फिल्म का हर डायलॉग याद था और हम सभी की छोटी-छोटी बातें और डिटेल्स याद थीं। तब मुझे समझ आया कि वो अच्छी समझ वाले इंसान हैं। उसके बाद से मैं जब भी उनके साथ बैठती थी मुझे एहसास होता था कि वो और मेरे अब्बा एक जैसे हैं। मुझे महसूस हुआ कि वो मेरे लिए सही इंसान हैं और इसी तरह हमारे रिश्ते की शुरुआत हुई।' शबाना आजमी ने इसी इंटरव्यू में ये भी खुलासा किया कि जावेद अख्तर अपनी जिंदगी में शराब की लत का सामना भी कर चुके हैं। ये वक्त गीतकार के साथ-साथ शबाना के लिए भी बेहद मुश्किल था। एक्ट्रेस ने कहा था कि जावेद जानते थे कि अगर वो यूं ही शराब पीते रहे तो ज्यादा वक्त जिंदा नहीं रहेंगे और उन्हें क्रिएटिव तौर पर अपना काम करने का मौका नहीं मिलेगा। शबाना और जावेद ने 9 दिसंबर 1984 को शादी की थी।*





# जहीर ने शेयर की सोनाक्षी संग सात साल पुरानी तस्वीर

नई दिल्ली। जहीर इकबाल ने सोनाक्षी सिन्हा से शादी करने के बाद सात साल पुरानी एक तस्वीर शेयर की है। ये तस्वीर तब की है, जब उन्होंने सोनाक्षी को डेट करना शुरू किया था। उन्होंने अपनी पत्नी पर प्यार उड़ेलते हुए कहा कि उन्हें तब ही अहसास हो गया था कि वे हमेशा साथ रहने वाले हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने दुनिया की नजरों से छिप-छिपकर प्यार किया। इनकी डेटिंग की अफवाहें तो बीते कुछ सालों में उड़नी शुरू हुईं, लेकिन ये साल 2017 से साथ थे और तब किसी को इसकी खबर नहीं थी। अब जहीर ने उस खूबसूरत पल की एक झलक दिखाई है, जब उन्होंने डेट करना शुरू किया था। उन्होंने सोनाक्षी के साथ एक फोटो शेयर की है, जो 7 साल पुरानी है। इस ब्लैंक व्हाइट फोटो में सोनाक्षी सिन्हा का हाथ जहीर के गले पर है और वो उन्हें प्यार से निहार रही हैं। जहीर ने कैप्शन में लिखा है, 'यह दिन, यह पल, यह एहसास।

# तंगी में बीता बचपन, छोटे से फ्लैट में किया गुजारा! आज 550 करोड़ की मालकिन है ये बच्ची

नई दिल्ली। बॉलीवुड में हर एक्टर और एक्ट्रेस की अपनी एक कहानी है। किसी ने स्ट्रगल किया तो किसी को ये फेम विरासत में मिला। आज आपको एक ऐसी ही हसीना की अनसुनी कहानी बताने जा रहे हैं। बॉलीवुड की इस हसीना का नाम आज के दौर की टॉप एक्ट्रेसेस में शुमार किया जाता है। इस एक्ट्रेस ने बेहद कम उम्र में खुद को साबित किया है और अपने हुनर के दम पर नेशनल अवॉर्ड तक जीता। साल 2012 में डेब्यू करने वाली इस एक्ट्रेस ने 12 सालों के करियर में 22 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। आज वे बेशुमार दौलत की मालिकन हैं। लेकिन इस अदाकारा ने अपने बचपन में बहुत-सी परेशानियों को झेला है। हम जिस अदाकारा की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं बल्कि साल 2012 में फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस आलिया भट्ट हैं।



आलिया भट्ट के पास ना तो आज शोहरत की कमी है और ना दौलत का अभाव है। लेकिन एक्ट्रेस का बचपन बहुत तंगी में गुजरा है। एक फिल्म डायरेक्टर की बेटी होकर भी उन्होंने एक छोटे से फ्लैट में अपने दिन काटे। इस बात का खुलासा खुद उनकी मां सोनी राजदन ने एक इंटरव्यू के दौरान किया था।

सोनी राजदन ने खुलासा किया था कि जब आलिया छोटी थीं तब वे खुद को सिंगल पेरेंट जैसा महसूस करती थीं। इसकी वजह ये थी कि महेश भट्ट काम में बहुत बिजी रहते थे. उस समय वे अपने बच्चों के साथ एक बेडरूम वाले छोटे फ्लैट में रहते थे। एक्ट्रेस की मां ने ये तक कहा था कि उस समय ना तो उनके पास स्मार्टफोन था और



ना ही आलिया के पास खेलने का कोई कमरा था। एक्ट्रेस के पास मुंबई के बांद्रा में एक आलीशान बंगला है जिसकी कीमत करीब 32 करोड़ रुपए बताई जाती है। यही नहीं, उनके पास लंदन में भी एक घर है जिसकी कीमत 25 करोड़ रुपए है।

आलिया भट्ट ने भले ही तंगी में बचपन गुजारा, लेकिन आज उनके पास किसी चीज की कमी नहीं हैं।लाइव मिंट में छपी एक खबर के मुताबिक एक्ट्रेस के पास 550 करोड़ रुपए की संपत्ति है।

आलिया भट्ट ने भले ही तंगी में बचपन गुजारा, लेकिन आज उनके पास किसी चीज की कमी नहीं हैं।लाइव मिंट में छपी एक खबर के मुताबिक एक्ट्रेस के पास 550 करोड़ रुपए की संपत्ति है। आलिया भट्ट ने एक्टर रणबीर कपूर से शादी की है। कपल एक हैप्पी मैरिड लाइफ जी रहा है। उनकी एक बेटी भी है जिसका नाम राहा कपूर है। घर के अलावा आलिया भट्ट कई लग्जीरियस गाड़ियों की भी मालकिन हैं।उनके पास अपनी बीएमडब्ल्यू 7 है जिसकी कीमत 1.76 करोड़ है। वहीं वे 2 करोड़ रुपए की कीमत वाली लैंड रोवर रेंज रोवर वोग की भी मालकिन हैं।

## खबर संक्षेप



### जर्जर सड़क होने से आवागमन में हो रही परेशानी

**कोरबी।** ग्राम पंचायत कोरबी के प्रधानमंत्री सड़क योजना के हालत अत्यंत जर्जर एवं दंयनीय है। सड़क के बीचों-बीच बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, डामर का नामों निशान नहीं है यह सड़क मार्ग लगभग 3-4 किमी लंबाई है। कोरबी बस्ती से छुईहापारा, मुड़ापार बस्ती तक के सड़क चलने लायक नहीं है, बरसात के दिनों में स्कूली बच्चों एवं आवागमन करने वाले आम नागरिकों को अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में पैदल चलने वाले स्कूली बच्चों को कीचड़ युक्त सड़क से गुजरना पड़ता है। इस सड़क मार्ग से पंतोरा, खिशोरा,बलौदा, सीपत बिलासपुर, हरदीबाजार, बोकरामुड़ा, मुक्ता, भलपहरी के नागरिकों का आना-जाना लगा रहता हैं। विभाग को सूचना देने के बाद भी आज पर्यंत तक प्रधानमंत्री सड़क कोरवी से मुड़ापार बस्ती सड़क मार्ग का मरम्मत व सुधार कार्य नहीं किया गया। प्रधानमंत्री सड़क मार्ग का तीन-चार वर्षों से मरम्मत या सुधार कार्य नहीं कराया जा रहे हैं। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री सड़क योजना की स्वीकृति हो गई है उसके बाद भी सड़क मरम्मत व सुधार कार्य चालू नहीं हो पाना समझ से परे हैं। विभाग व शासन प्रशासन से मांग की जा रही है कि जर्जर सड़क मार्ग का अविलंब मरम्मत व सुधार कार्य कराया जाए सड़क मार्ग से आवागमन करने वाले आम नागरिकों , स्कूल के बच्चे, छात्र-छात्राओं को आने-जाने में आसान हो सके।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया पौधरोपण



**कटघोरा।** वार्ड पार्षद श्रीमती मधु राजकुमार अग्रवाल ने वेयर हाउस के निकट पौधरोपण किया गया। जिसका शुभारंभ नगर पंचायत छुरी की अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला तीरथ राम गोंड़ ने किया। श्रीमती शकुंतला ने पौधरोपण करने के पश्चात बताया कि निश्चित ही आज जिस प्रकार से शहर का विकास हो रहा है हजारों की संख्या में पेड़ काटे जा रहे हैं, जिससे वातावरण परिवर्तन हो रहा है। समय से अधिक गर्मी पड़ रही है आक्सीजन की कमी महसूस होती है जिसका खामियाजा हर व्यक्ति कोरोना के समय देख चुका है कि किस प्रकार से आक्सीजन की दिक्कतों का हमे सामना करना पड़ा था इस वजह से हर व्यक्ति को कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए। पार्षद श्रीमती मधु अग्रवाल ने छुरी नगर पंचायत में आने वाले सभी नागरिकों से वृक्ष लगाने की अपील करते हुए कहा कि वृक्षारोपण करने के लिए बरसात का समय एकदम उपयुक्त रहता है। इस अवसर पर राजकुमार अग्रवाल, हीरालाल यादव पार्षद, लक्ष्मण सिंह राजपूत, सुनील नामदेव, हनुमान अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, टेकचन्द अग्रवाल, आशीष नामदेव, राकेश प्रजापति, जगदीश देवांगन सहित सभी नगरवासी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने 15 दिवस के भीतर सिलाई मशीन उपलब्ध कराने दिए निर्देश

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने डीएमएफ अंतर्गत ग्रामीणों को दी जाने वाली सिलाई मशीन वितरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि सिलाई मशीन की गुणवत्ता से किसी प्रकार की कोई समझौता न की जाए। संबंधित ग्राम पंचायतों को समय पर मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने 15 दिवस के भीतर सिलाई मशीन अनिवार्य रूप से ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## वर्ष 2018 में उच्च शिक्षा विभाग ने शुरू किया था शासकीय कॉलेज

# बीते 6 साल से जटगा कॉलेज के बीएससी में किसी भी छात्र ने नहीं लिया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते 6 साल से हायर सेकेंडरी स्कूल के तीन कमरों में चल रहे जटगा शासकीय महाविद्यालय के बीएसी संकाय में किसी भी छात्र ने प्रवेश नहीं लिया है। वर्ष 2018 में ग्राम जटगा में महाविद्यालय की शुरूआत की गई थी। बीए, बीकॉम, बीएससी तीन संकायों में दर्ज छात्रों की संख्या 100 भी नहीं है।

**खास बात**

- बीए, बीकॉम, बीएससी तीन संकायों में 100 छात्र भी नहीं

उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में शिक्षा के प्रचार प्रसार और ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को महाविद्यालयीन शिक्षा की सुविधा देने के उद्देश्य से ब्लॉक मुख्यालय में महाविद्यालय का संचालन शुरू किया गया था, किंतु जिले के सबसे बड़े पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड में कॉलेज का संचालन ब्लॉक मुख्यालय में न होकर ग्राम जटगा में किया गया है। जिसके परिणाम स्वरूप 6 साल हो गए महाविद्यालय के संचालन में और आज तक छात्रों की संख्या 100 नहीं पहुंची है। ऐसे में महाविद्यालय के अस्तित्व पर सवाल खड़ा होने लगा है। महाविद्यालय के लिए कई बार प्रयास करने के बाद अब जाकर जमीन का आबंटन हुआ है। महाविद्यालय भवन कब बनेगा यह भी अभी तय नहीं है। 6 साल से महाविद्यालय की कक्षाएं जटगा हायर सेकेंडरी स्कूल के तीन कमरों में सुबह 8 बजे से संचालित हो रही है। हालात यह है कि आम लोग भी कॉलेज को लेकर आशंकित होने लगे हैं। महाविद्यालय की शुरूआत तीन संकाय से की गई थी। जिनमें बीए, बीकॉम के अलावा बीएससी की मैथ्स संकाय शामिल है। बॉयो संकाय को लेकर अब तक कोई पहल नहीं की गई है। 6 साल में बीएससी बॉयो की संकाय शुरू नहीं होने के कारण प्रवेश लेने कोई छात्र आगे नहीं आया। ऐसे में महाविद्यालय के संचालन व उनके भविष्य को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है।



हायर सेकेंडरी स्कूल जहां चलता है कॉलेज।

**एक ही भवन में संचालित हैं स्कूल कॉलेज**

महाविद्यालय प्रारंभ करने के बाद उसका संचालन जटगा हायर सेकेंडरी स्कूल के भवन में किए जाने का निर्णय लिया गया और इसके लिए दो शिफ्ट में संचालन की योजना तैयार की गई। सुबह 8 बजे से महाविद्यालय की कक्षाएं लगाने का समय तय किया गया, जो दोपहर 12 बजे तक निर्धारित है। इसी तरह स्कूल की कक्षाएं सुबह 10.30 से शाम 4 बजे तक चलाई जा रही हैं। स्कूल भवन में तीन नये कमरों का निर्माण किया गया था। उन्हीं तीन नये कमरों में कक्षाएं चल रही है। कॉलेज का संचालन कटघोरा प्राचार्य के जिम्में सौंपा गया है। छात्र संख्या कम होने के कारण महाविद्यालय की कक्षाएं 11 बजे तक ही संचालित हो रही है।

**तीन हायर सेकेंडरी स्कूल**

जटगा क्षेत्र के आसपास तीन हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित हैं। जहां छात्र संख्या कम होने के कारण महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या भी कम रहती है। उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार कॉलेज शुरू करने के पूर्व उस क्षेत्र का सर्वे किया जाता है और वहां हायर सेकेंडरी स्कूलों की संख्या और वहां के छात्रों की दर्ज संख्या का अनुपात तैयार किया जाता है। 12वीं पास करने वाले छात्रों की संख्या के आधार पर ही उक्त क्षेत्र में महाविद्यालय शुरू करने का निर्णय लिया जाता है। जटगा क्षेत्र में कॉलेज का संचालन शुरू तो किया गया है, किंतु हायर सेकेंडरी स्कूल की संख्या महज 3 है और वहां से 12वीं पास करने वाले छात्रों की संख्या 100 के लगभग नहीं पहुंचती। ऐसे में कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या बढ़ना कठिन लग रहा है।

**जमीन का हुआ है आबंटन**

महाविद्यालय के भवन हेतु जमीन का आबंटन जिला प्रशासन द्वारा कर दिया गया है। इसके लिए राशि भी स्वीकृत कर दी गई है। राशि जारी होने के बाद भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

-**एमएम जोशी,** प्राचार्य कटघोरा महाविद्यालय

## एसईसीएल जीएम कार्यालय का छज्जा भरभराकर गिरा



जीएम कार्यालय जिसका गिरा छज्जा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल जीएम कार्यालय भवन का एक हिस्सा भरभराकर नीचे गिर गया। दुर्घटना का का सुखद पहलु यह रहा कि हादसे के वक्त मौके पर कोई नहीं था नहीं तो जनहानि की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता था। इस घटना को लेकर श्रमिक नेताओं ने चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि जीएम कार्यालय का भवन ही अगर सुरक्षित नहीं है, तो कर्मचारियों के मकानों की क्या स्थित होगी, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

कोरबा में एसईसीएल के विभागीय कॉलोनियां और विभागीय कार्यालय सुरक्षित नहीं है। पांच दिनों तक जिस तरह से बरसात हुई,उसके बाद मकानों और भवनों की गुणवत्ता सामने आने लगी है,जिसका ताजा उदाहरण मंगलवार की दोपहर देखने को मिला,जहां कोरबा जीएम कार्यालय का छज्जा भरभराकर नीचे गिर गया। इस हादसे के बाद मौके पर हड़कंप की स्थिती निर्मित हो गई।

घटना का सुखद पहले यह रहा,कि हादसे के वक्त मौके पर कोई नहीं था,नहीं तो किसी के हताहत होने की बात से इंकार नहीं किया जा सकता था। जीएम आफिस में हुए घटना को लेकर श्रमिक नेताओं ने इसे काफी दुर्भाग्यजनक बताया, उनका कहना था कि जब मुख्य कार्यालय ही सुरक्षित नहीं है, तो कर्मचारियों के मकानों की स्थिती का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। श्रमिक नेताओं ने एसईसीएल के सभी मकानों और भवनों की जांच की मांग की है ताकी पता चल सके कि वे उपयोग के लायक है की नहीं। अगर ऐसा नहीं होता तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, जिसका जिम्मेदार प्रबंधन होगा।

# दीपक गर्ग ने किया जम्बो कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के सत्र 24-25 के लिए निर्वाचित हुए नवीन अध्यक्ष दीपक गर्ग ने अपनी नई कार्यकारिणी का गठन किया है। जिनके सांथ वे कंधे से कंधा मिलाकर एक से बढ़कर एक सामाजिक व प्रशासनिक सेवा के सांथ परमानेंट प्रोजेक्ट पर कार्य किया जाएगा। दीपक गर्ग ने सत्र 2024-25 के लिए अपनी नवीन कार्यकारिणी का गठन किया है। जिसके अंतर्गत अध्यक्ष दीपक गर्ग,प्रथम उपाध्यक्ष मनोज गोयल, द्वितीय उपाध्यक्ष राकेश पांडे, तृतीय उपाध्यक्ष अंकित सिंघल, सचिव अजय श्रीवास्तव, सह सचिव अतुल मित्तल, कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल छुरी, सह कोषाध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, टेमर सुधीरपांडेय, टेलट्विस्त्रर मुकेश गुप्ता, क्लब सर्विस चेयरपर्सन विकेश अग्रवाल, मार्केटिंग कम्युनिकेशन चेयरपर्सन प्रकाश अग्रवाल, मेम्बरशिप चेयरपर्सन मुकेश गोयल, एलसीआईएफ कोआर्डिनेटर हुकुमचंद अग्रवाल छुरी, पीआर ओ 1, आशीष अग्रवाल 2, चिंटू अग्रवाल संरक्षक अजय धनोंदिया, अजय गर्ग, घनश्याम शर्मा, राकेश बंसल, प्रताप वाटवानी, नरेंद्र अग्रवाल, नरेंद्र मित्तल, सांवरिया मित्तल, विकास अग्रवाल, अशोक देवांगन (छुरी), मनोज अग्रवाल (छुरी), टेकचन्द अग्रवाल(छुरी), विधिक सलाहकार राकेश गोयल, रवि दत्ता, डायबिटीज चेयरपर्सन राजुदास दीवान, भारत भूषण, इखलाक शेख, पंकज अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल (छुरी), हीरालाल यादव (छुरी), राकेश शर्मा, हंगर रिलीफ चेयरपर्सन नंद देवांगन छुरी, दीपक बंसल, भरत अग्रवाल, मुकेश मोटवानी, शुभम मित्तल, रविन्द्र अग्रवाल स्वास्थ चेयरपर्सन डा गोपाल बन गोस्वामी, पर्यावरण चेयरपर्स तनुज अग्रवाल, नितिन मित्तल, विशाल बंसल, गणेश अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, लव अग्रवाल, जय अग्रवाल, व्यवस्था प्रमुख राजकुमार अग्रवाल, विक्की राजपूत, विवेक अग्रवाल, निखिल मित्तल, कार्यकारिणी सदस्य अरुण जोशी, अंकुर अग्रवाल, रूपेश सोनी, शुभम शर्मा सहित अन्य शामिल रहे।




लायंस क्लब की नवगठित कार्यकारिणी के सदस्य।

# छाल रेंज से पहुंचे हाथियों ने तराईमार में मचाया उत्पात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रायगढ़ जिले के छाल रेंज से मंगलवार की 4 बजे पहुंचे 24 हाथियों के झुण्ड ने करतला रेंज के तराईमार गांव में जमकर उत्पात मचाया और चार ग्रामीणों के खेत व बाड़ी में लगे आम, केला व गन्ना के पौधों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही वहां लगे पंप व पाइप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। तराईमार में उत्पात मचाने के बाद हाथियों का झुण्ड आगे बढक़र कुदमुरा जंगल पहुंच गया है। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार हाथियों का झुण्ड मंगलवार की सुबह तराईमार गांव पहुंचा और उत्पात मचाने लगे जिससे ग्रामीण दहशत में आ गए। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। वन विभाग का अमला इससे पहले गांव पहुंचता कि उत्पाती हाथियों का झुण्ड आगे बढ़ा और कुदमुरा रेंज के जंगल पहुंच गया। वन विभाग द्वारा संबंधित अमले को सूचना दिए जाने पर कुदमुरा रेंज से वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गए हैं। इससे पहले 13 हाथियों का झुण्ड यहां के जंगल के कक्ष क्रमांक पी-1140 में विचरण कर रहा है। 24 की संख्या में और हाथियों के पहुंचने से अब यहां संख्या बढक़र 37 हो गई है। बड़ी संख्या में क्षेत्र में हाथियों के आने से खतरा बढ़ गया है।



# लायंस क्लब बालको के सदस्यों का सम्मान



सेवाभावी सदस्य को सम्मानित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लायंस क्लब बालको द्वारा विभिन्न सेवा के क्षेत्र में गरीबों एवं जरूरतमंद लोगों का लायंस क्लब बालकों द्वारा सेवा किया गया। जिसके लिए डिस्ट्रिक 3233सी के डिस्ट्रिक अवॉर्ड सेरेमनी बिलासपुर में आयोजित किया गया। गवर्नर पीएमजेएफ लायन शैलेश अग्रवाल द्वारा डिस्ट्रिक्ट के सभी क्लब को सम्मान स्वरूप पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब इंटरनेशनल के सभी पदाधिकारी एवं डिस्ट्रिक्ट के सभी क्लब के सम्मानित सदस्य उपस्थित थे। पीएमजेएफ लायन विजय अग्रवाल, लायन एमजेएफ रिपु दमन पुसरी द्वारा लायंस क्लब बालको के सदस्यों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पीएमजेएफ लायन परमानंद अग्रवाल एमजेएफ लायन कैलाश गुप्ता, अध्यक्ष लायंस क्लब बालको कोषाध्यक्ष लायन रितेश केडिया, सचिव लायन किशोर कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य लायन जीपी केडिया, सुभाष चंद्र गिरधर लायन आभा, लायन अतुल शाह, लायन सोनल शाह, लायन सपना केडिया एवं एमजेएफ़ लायन अनिल यादव एमजेएफ लायन एके सिन्हा, लायन राजेश ठाकुर एवं क्लब के सदस्ययों को सम्मानित किया गया।

### आयुष कुमार का एकलव्य स्कूल में हुआ चयन



**कटघोरा।** आयुश कुमार उइके पिता श्रवण कुमार उइके प्रधान पाठक निवासी कौवाताल बिंझरा विकास खण्ड पोड़ी उपरोड़ा जो कि आदर्श विद्या मंदिर कटघोरा 5वीं छात्र ने एकलव्य आवासीय परीक्षा 2024 में जिला में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल एवं गांव का नाम रोशन किया है। श्रवण कुमार ने इसका श्रेय अपने गुरुजनों सहित माता पिता को दिया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जल्द मिलेगी...

को आने में होने वाली परेशानियों के मद्देनजर 100 सीटर कन्या हॉस्टल का निर्माण कराया गया था, लेकिन महाविद्यालय के प्राचार्य बदलते गए, किंतु कन्या हॉस्टल के शुरू करने के संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया। हाल ही में जिला प्रशासन ने जिले के महाविद्यालयों में हॉस्टल की स्थिति को लेकर समीक्षा बैठक आहूत की थी, जिसमें हॉस्टल सुविधाओं को लेकर कलेक्टर ने जब जानकारी लेना शुरू किया तो पता चला कटघोरा में बीते 7-8 सालों से हॉस्टल बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन नहीं हो पाया है। इस पर कलेक्टर अजीत वसंत ने कटघोरा महाविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल जो जर्जर हो गया था उसके जीर्णोद्धार को लेकर डीएमएफ से राशि जारी करने का निर्णय लिया।

### भयादोहन...

उसका भांजा सलमान व नदिम कुरैशी एक साथ मिलकर 3-4 लाख रूपये की और मांग की और मामले को रफा दफा करने की बात कही। तब रवि द्वारा और रकम देने में असमर्थता जताने पर इरफान द्वारा गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी गई। रवि नाग की रिपोर्ट पर पुलिस ने मोनू उर्फ इरफान कुरैशी तथा उसका भांजा सलमान कुरैशी व नदिम कुरैशी के विरूद्ध धारा 294, 34, 341, 384, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### पहले ब्लेड...

वहां मौजूद लोगों का ध्यान उस ओर गया। वहां लहुलूहान पड़े युवक को देखकर मौके पर मौजूद लोगों में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई तत्काल घटना की सूचना सिविल लाइन पुलिस को दी गई। सूचना पाते ही सिविल लाइन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल खिलेश्वर पात्रे को उपचार के लिए मेडिकल कालेज हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान कुछ घंटे बाद ही उसकी मौत हो गई। युवक ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच कर शुरु कर दी है।

### संयुक्त श्रमिक...

स्तर पर जारी है। कालोनियों में रात-रातभर बैठकर गुजारना पड़ रहा है। जिस कारण कर्मचारियों में भारी आक्रोश हैउच्च स्तर के ट्रांसफार्मर बैठाने की व्यवस्था किया जाये। मांगे पूरी नहीं होने से आक्रोशित श्रमिक संगठन एटक, एचएमएस, बीएमएस, सीटू, इंटक के संयुक्त श्रमिक संगठन ने प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। संयुक्त श्रमिक संगठन के नेतृत्व में कोल कर्मियों ने जीएम प्रोजेक्ट कार्यालय में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। हालांकि प्रबंधन द्वारा दो चार दिनों के भीतर मांगों को पूरा करने संबंधित आश्वासन दिए जाने के बाद आंदोलन समाप्त कर दिया गया।

## भिलाईबाजार हाईस्कूल में शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए विधायक

# प्रतिदिन विद्यालय आएं और करें पढ़ाई-लिखाई : पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत भिलाईबाजार के हाईस्कूल शाला प्रवेश उत्सव मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल रहे। विधायक श्री पटेल ने विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यार्थियों को तिलक लागाकर मुंह मिठाई कर उनका स्वागत किया और प्रतिदिन विद्यालय आने और पढ़ाई-लिखाई करने को कहा। वहीं विधायक श्री पटेल ने कहा कि शिक्षित समाज की संरचना में हर व्यक्ति को ज्ञान अर्जित करने के संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए क्योंकि शिक्षा हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। बच्चों को बेहतर सुविधा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है और उसके लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इस अवसर पर रघुराज सिंह उईके, प्राचार्य जीपी जाटवर,सुनीता पाटले,रथलाल पाटले, समयलाल पाटले, मणीशंकर, संतोष राठौर, राजेश पटेल,सालीकराम दुबे ,दिलीप पटेल एवं मन्नू सांई राठौर सहित विधालय परिवार,ग्रामीण व अन्य भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक श्री पटेल।

**आत्मानंद स्कूल में हुआ आयोजन**

पाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदीबाजार के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय हरदीबाजार में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों के द्वारा संकुल के नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर फूल माला पहनकर एवं मुंह मीठा कराकर उनका स्वागत किया गया साथ ही शासन द्वारा प्रदत्त निशुल्क पाठ्य पुस्तक गणेश वितरण किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि एवं जनपद पंचायत पाली के सभापति मुकेश जयसवाल, हरदीबाजार जनपद सदस्य अनिल टंडन, सरपंच प्रतिनिधि युवराज सिंह कंवर,भाजपा जिला मंत्री नरेश टंडन, किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष छोटेलाल पटेल, हीरालाल अहीर, व्यास राठौर, राज ओगरे, पूर्व राज्य युवा आयोग सदस्य रघुराज सिंह उइके, दिलीप पटेल, श्रवण यादव ,संकुल प्राचार्य गणेश सिंह कंवर, संकुल समन्वयक आदि उपस्थित थे।

न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

प्रकरण क्रमांक-10/2024
प्रोसेस क्रमांक- 103/2024
पेशी तारीख - 29/07/24

आस्टिन मसीह — वादी/आवेदक

**विरुद्ध**

भारतीय जीवन बीमा निगम वगैरह — प्रतिवादी/अनावेदक


**बनाम**

आम जनता (इससे जो संबंधित हो)

वादी/आवेदक **आस्टिन मसीह** के द्वारा प्रतिवादी/अनावेदक भारतीय जीवन बीमा निगम वगैरह के विरुद्ध धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत माननीय न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) में प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 29/07/24 की तिथि है।

अतः प्रतिवादी/अनावेदक आम जनता (इससे जो संबंधित हो) को उक्त आवेदन पत्र के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 29/07/24 को प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश करें अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी। नोट - यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा। यह आज तारीख 26/06/24 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगाकर दिया गया है। दिनांक : 26/06/24

**(कु. रुपल अग्रवाल)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)**



# अधूरे कार्य पूर्ण कराएं अन्यथा वसूली की कार्रवाई प्रारंभ करें : वसंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों और योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी टीएल में प्रेषित प्रकरणों की जांच कराते हुए समय सीमा के भीतर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा निरंतर करने के साथ ही अधूरे कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराए जाएं। कार्यों को पूर्ण नहीं करने और प्रारंभ नहीं करने पर राशि वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्राकृतिक आपदा, दुर्घटना से संबंधित आरबीसी 6-4 के प्रकरणों पर की जा रही कार्यवाही में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए राजस्व पुलिस तथा स्वास्थ्य विभाग को आपस में समन्वय स्थापित कर पीड़ित परिवार को समय पर सहायता राशि उपलब्ध कराने की दिशा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने शिविर लगाने और एसडीएम तथा जिला शिक्षा अधिकारी को डाटा संग्रहण, रिकॉर्ड अपडेशन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में शासकीय भवन तथा महत्वपूर्ण स्थानों पर किए जाने वाले पौध रोपण की तैयारी के निर्देश देते हुए महिला एवं बाल विकास अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को निर्देशित किया कि वे आंगनबाड़ी तथा आश्रम षाला में फलदार पौधों का रोपण भी करें। बैठक में कलेक्टर ने संजय नगर रेल्वे क्रॉसिंग में स्वीकृत अंडर पास निर्माण हेतु सर्वे के कार्य में प्रगति लाने और प्रभावित परिवार को नियमानुसार आवास प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को 15 दिवस के भीतर संपत्ति सर्वे पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिला षिक्षा अधिकारी को शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने, जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के पात्र बेरोजगार युवाओं को स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग में रोजगार देने हेतु उनके दस्तावेज पूर्ण करने तथा पीएम जनमन अंतर्गत सभी पहाड़ी कोरवाओं का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश सहायक आयुक्त को दिए। कलेक्टर ने एसडीएम तथा भू-अर्जन से जुड़े विभागों को रिकॉर्ड दुरूस्तीकरण के कार्यों में प्रगति लाते हुए समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

अलग खबर

## ग्राम पंचायतों में स्वीकृत कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश

**खास बात**

- समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा



## खबर संक्षेप



### शासकीय हाईस्कूल में किया गया पौधरोपण

**चैतमा।** शासकीय हाईस्कूल ईरफ के प्रांगण में वन विभाग द्वारा वन परिक्षेत्र चैतमा वनमंडल कटघोरा के द्वारा कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम आयोजित किया गया। जिसमें वन विभाग के डिप्टी रेंजर एवं वन गार्ड की उपस्थिति में शासकीय हाईस्कूल ईरफ की प्राचार्य श्रीमती एन एन इश्हाक, समस्त स्टाफ एवं बच्चों द्वारा नीम और करंज का पेड़ लगाया गया। जिससे समाज को यह संदेश मिल सके की हरियाली समाज के लिए कितनी आवश्यक है तथा लोगों में हरियाली के प्रति जागरूकता आए।

### जनदर्शन में पूरी हुई फरियाद वृद्धा का बना राशन कार्ड



**कोरबा।** राशन कार्ड नहीं होने से खाद्यान्न के लिए परेशानी झेल रही वृद्धा सुमरिता बाई ने कलेक्टर जनदर्शन में आकर आवेदन दिया। वृद्धा सुमरिता बाई से आवेदन मिलते ही कलेक्टर अजीत वसंत ने खाद्य अधिकारी को तत्काल निर्देशित किया कि वृद्धा सुमरिता बाई की पात्रता की जांच कर आवेदन का निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर से मिले निर्देश के पश्चात खाद्य अधिकारी ने तत्काल जांच की। जांच में पाया गया कि आवेदिका बाई पति आनंद दास ग्राम पंचायत अरदा, विकासखण्ड कटघोरा अंत्योदय राशन कार्ड के लिए पात्र हैं। उन्होंने सुमरिता बाई के नाम पर अंत्योदय राशन कार्ड जारी कराकर ग्राम पंचायत के सरपंच के माध्यम से घर में वितरण किया।

### एनटीपीसी में भी अब मिलेंगे हर्बल उत्पाद



**कोरबा।** कटघोरा वनमण्डल के अंतर्गत वर्तमान में एक संजीवनी विक्रय केन्द्र कटघोरा में स्थापित था। छग में निर्मित हर्बल प्रोडक्ट खाद्य पदार्थ एवं सौंदर्य प्रसाधन का विक्रय बढ़ाने के उद्देश्य से कटघोा वनमण्डलाधिकारी कुमार निशांत की पहल से एनटीपीसी जमनीपाली इन्द्रा कॉम्पलेक्स में दुकान किराये पर लेकर हर्बल संजीवनी विक्रय केन्द्र की स्थापना 9 जुलाई को एनटीपीसी महाप्रबंधक राजीव खन्ना. डॉ. पवन कुमार धनवार उपाध्यक्ष जिला यूनियन कटघोरा के विशिष्ट आतिथ्य में शुभारंभ किया गया। उक्त संजीवनी का शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित लोगों को एक पेड़ मां के नाम से आम, नीम, कटहल आदि पौधों का वितरण किया गया। उक्त संजीवनी में खाद्य पदार्थ, औषधि, सौदर्य प्रसाधन, मीलेट्स के खाद्य पदार्थ तथा विभिन्न प्रकार के जूस आदि विक्रय हेतु उपलब्ध है। उक्त दुकान एनटीपीसी कॉलोनी के अंदर होने के कारण काफी तादाद से उक्त सामग्री विक्रय होगा। जिससे उक्त संजीवनी विक्रय केन्द्र में संलग्न समूह के सदस्यों को आर्थिक लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में आशा महिला स्व-सहायता समूह जमनीपाली के समस्त सदस्य, जिला यूनियन कटघोरा के संचालक सदस्य, प्रबंधक, वन अमला तथा एन.टी.पी.सी. के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

### तृतीय राज्य स्तरीय चैंपियनशिप का आयोजन

**कोरबा।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय तथा राष्ट्रीय खेल, खेलो इंडिया यूथ गेम्स एवं स्कूल गेम्स में शामिल कलरिपयतु खेल का तृतीय राज्य स्तरीय चैंपियनशिप का आयोजन आदर्श नगर सामुदायिक भवन, कुसमुंडा में 6 से 8 जुलाई तक किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि चंद्रमोहन पांडेय प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल कुसमुंडा, सुरेश क्रिस्टोफर सचिव जिला ओलंपिक संघ, दीनू पटेल खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग, लखन कुमार साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कलरिपयतु एसोसिएशन कमलेश देवांगन सचिव छत्तीसगढ़ कलरिपयतु एसोसिएशन के उपस्थित में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए मुख्य अतिथि बीरेंद्र साहब एवं भाजपा नेता विकेश झा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ जिसमें उन्होंने खिलाड़ियों के लिए क्षेत्र की ओर हरसंभव मदद का करने की बात कही। इस दौरान महासचिव कमलेश देवांगन ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त सभी खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय कलरिपयतु चैंपियनशिप 9 से 11 अगस्त तक त्रिवेंद्रम, केरल में भाग लेंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन खेलो इंडिया यूथ गेम्स एवं 37 वीं राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड के लिए किया जाएगा।

### विरोध, नेता प्रतिपक्ष की अगुवाई में किया गया प्रदर्शन

# पहली बारिश में उखड़ने लगी सड़क बजरी की भाजपा ने की नीलामी



सड़क से बजरी को बुहारते भाजपा नेता।





आटो में नीलामी के लिए रखा बजरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर की कमीशन की भूख को शांत करने भाजपा पार्षद दल द्वारा नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल की अगुवाई में सड़क से निकल रही बजरी की नीलामी की गई है। सड़क से निकलती बजरी से लोगो की जान आफत में थी, बजरी से बाइक चालक सड़को पर गिरते थे, दो दिन की बारिश में सड़क धुल गई थी, जिसे लेकर आज सैकडों की संख्या में भाजपाइयों ने विरोध किया।

वरिष्ठ भाजपा नेता, निगम के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने कहा कि शहर की सड़कों के निर्माण में जले हुए तेल का उपयोग किया गया है जिसे डामर का नाम दिया गया है यही वजह है कि पहली बारिश में ही शहर में जगह जगह सड़क उखड़ रही है, सड़क की उखड़ती बजरी की नीलामी से मिलने वाली राशि महापौर को दी जाएगी जिससे उनकी कमीशन की भूख शांत हो सके, साढ़े चार साल के कार्यकाल में महापौर केवल रबर स्टाम्प और कठपुतली बन कर रह गए, फर्जी जाति से महापौर बने राजकिशोर प्रसाद ने साढ़े चार साल जनता की गाढ़ी कमाई से आने वाले टैक्स के रुपयों का दुरुपयोग किया है जिसके लिए कोरबा की जनता में भारी आक्रोश है। इस दौरान भाजपाईयों ने सुभाष चौक पर सड़क की बुहार कर बजरी को पहले एकत्र किया और फिर उसकी नीलामी करी। इस दौरान नगर पालिका बांकीमोंगरा की उपाध्यक्ष कमला बरेठ, पार्षद अजय गोंड, नारायण दास महंत, बुधवार साय यादव, चंद्रलोक सिंह, अनिता सुकुन्दी यादव, धनश्री अजय साहू, कविता नारायण, भानुमति जायसवाल, अब्दुल रहमान, प्रेम प्रकाश पांडेय, धनसाय साहू, पदमा साहू, आरती विकास अग्रवाल, ममता बालीराम साहू, पुराइन कंवर, नर्मदा लहरे, रूप सिंह, दिनेश वैष्णव, मंजू सिंह, सुमन सोनी, प्रकाश अग्रवाल, अनिल वस्त्रकार, ज्योति वर्मा, बद्री अग्रवाल, अनिल मिश्रा, गौरव मिश्रा, अर्चना रुनिझा, संजीव शर्मा, राम त्रिपाठी, शिव चंदेल, मोंटी पटेल, स्वाति कश्यप, पुष्पकला साहू, सनी सिंह, अमर चौहान, सूर्यदीप कुर्रे, रिशु श्रीवास्तव, माखन बरेठ सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### केवल सुर्खिया बटोरना चाहते हैं नेता प्रतिपक्ष



महापौर राजकिशोर प्रसाद ने नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल पर हमला बोलते हुए कहा है कि हितानंद अग्रवाल ने मंगलवार को जो कुछ भी किया वह सिर्फ सुर्खियों बटोरने के सिवाय और कुछ नहीं है। रोजाना समाचार में बने रहने का सौख इस कदर हावी हो गया है कि उसे पूरा करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि मैं पहले भी बता चुका हूँ कि और अधिकारियों को निर्देशित भी कर चुका हूं कि इस विषय पर एग्रीमेंट के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही करें। 3 वर्ष पहले जिन सड़कों का निर्माण कराया गया था उन सड़का के रखरखाव की मियाद पूर्ण हो गई है तो ऐसे मे बरसात के तुरंत बाद इन सड़कों का नवनिर्माण कराया जावेगा और जिन सड़कों के रखरखाव का मियाद बाकी है उन सड़कों का मरम्मत संबंधित निर्माण एंजेसी के द्वारा करायेंगें। बावजूद इसके हितानंद अमर्यादित तरीके से आरोप लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं, जबकि वह कितने पानी में है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उनके संस्थान में बार बीर जीएसटी की टीम छापा मार रही है। नेता प्रतिपक्ष विकास में बाधा उत्पन्न न करें अगर विकास चाहते हैं तो ऐसी हरकतों से बाज आएं।



धरने पर बैठे पटवारी।

# पटवारी हड़ताल के बीच बीत रहा राजस्व पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राजस्व पखवाड़ा की शुरूआत शासन के निर्देश पर की गई है, जिसके तहत ग्रामीण अंचलों में शिविर लगाकर गांव में ही फौती बंटवारा, जमीन विवाद, सीमांकन का निपटारा किया जा सके, किंतु इस पखवाड़े में पटवारी हड़ताल का भी असर देखा जा रहा है। हड़ताल में शामिल पटवारी न तो अपने मुख्यालय जा रहे हैं और ना ही राजस्व पखवाड़ा शिविर में शामिल हो रहे हैं।

बीते 5 जुलाई से पटवारी संघ अपनी 23 सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। उनके हड़ताल पर चले जाने से सबसे ज्यादा प्रभावित स्कूल व महाविद्यालय के छात्र हो रहे हैं, जिन्हें अपने प्रवेश के लिए जाति, निवास जैसे दस्तावेज बनवाने के लिए पटवारी प्रतिवेदन की आवश्यकता होती है और वर्तमान में पटवारियों की हड़ताल में होने के कारण छात्रों को दस्तावेज बनवाने के लिए चक्कर काटना पड़ रहा है। घंटाघर चौक में पटवारी संघ के द्वारा अनिश्चितकालीन धरने की शुरूआत कर दी गई है। हालांकि धरने में ग्रामीण अंचल के पटवारी नहीं पहुंच रहे हैं, जिससे कुछ ग्राम पंचायतों में राजस्व पखवाड़ा शिविर का सफल संचालन हो रहा है और उन क्षेत्रों के छात्र छात्राओं को दस्तावेज बनाने के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। शेष अन्य क्षेत्रों में राजस्व पखवाड़ा के हड़ताल के कारण प्रभावित होने की जानकारी सामने आई है।

**खास बात**

- राजस्व कार्य लगातार हो रहे प्रभावित

### राजस्व अधिकारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

महासमुंद में नायब तहसीलदार के साथ कोर्ट में ही मारपीट की घटना के मामले को लेकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए राजस्व अधिकारी संघ ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में राजस्व अधिकारी संघ कभी भी हड़ताल पर जा सकता है, हालांकि अभी हड़ताल पर जाने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। वर्तमान में पटवारियों की हड़ताल से वैसे ही राजस्व कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

# जब से राज्य में भाजपा सरकार आई तब से अधिक होने लगी विद्युत कटौती: ज्योत्सना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जब से छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है तब से विद्युत कटौती अधिक होने लगी है। शहर के कई क्षेत्र में 8 से 10 घंटा लाइट गोल रहना आम बात हो गई, और बिजली दरों में बढ़ोत्तरी करना गरीबों पर अत्याचार करना है।

**खास बात**

- दर्री व बालको ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया धरना प्रदर्शन

उक्त बातें अघोषित बिजली कटौती और बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ दर्री ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा जैलगांव चौक में अयोजित धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सांसद ज्योत्सना महंत ने कही। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि अघोषित बिजली कटौती बंद की जाए और इसका समाधान निकाला जाए साथ ही बढ़ाई गई बिजली बिल को वापस ले। मंगलवार को बालको ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा भी राज्य में बिजली कटौती को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए बालको ब्लॉक के अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार हर मामले में फेलवर साबित हो रही है। 6 माह में बिजली बिल में वृद्धि और कटौती से जनता परेशान है, कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। बिजली कटौती करने की भाजपा सरकार को क्या जरूरत पड़ी जबकि प्रदेश तो बिजली के लिए सरप्लस राज्य है यहाँ की बिजली अन्य प्रदेश में भेजे जाने के बाद भी प्रदेश मे चौबीस घंटा बिजली की सप्लाई होती थी पूर्व कांग्रेस सरकार मे बिजली बिल हाफ योजना चला कर प्रदेश की जनता को राहत पंहुचाया गया था फिर भी बिजली की दर बढ़ाने को लेकर भाजपा सरकार की जितनी भी निंदा की जाए कम है। दरअसल गर्मी में लगातार बिजली कटौती करने और जनता को लू की चपेट में धकलने का काम करने के बाद अब प्रदेश की भाजपा सरकार खेती किसानी करने वाले किसानों को ज्यादा बिजली बिल भेज रही है और सूखते खेत मे बिजली की कटौती कर किसानों के फसलों को चौपट करने लगातार बिजली की कटौती कर रही है। प्रदेश में भाजपा सरकार सत्ता में आने के बाद जो महंगाई का इतना बड़ा चोट पहुंचाने के बाद अब बिजली की वृद्धि घाव में नमक छिड़कने के जैसा है। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा की जनता अब भाजपा सरकार को लेकर आक्रोशित है। अब कहने लगी है की डबल इंजन की सरकार में अपने आप को ठगा महसूस करने लगे। कार्यक्रम के दौरान सपना चौहान, अमृता निषाद, सीमा कुर्रे, सरस्वती कंवर, ज्योति साहू, तीजन गबेल, आशीष अग्रवाल, शंकर दास एस. कुजूर, राजेंद्र सिंह ठाकुर, छत्रपाल सिंह कुर्रे, रोपा तिर्की, रमेश दास, रतन सिंह यादव, अनुशुइया राठौर, प्रेमा यादव, सरफुदीन आलम, डीपी राम, एफडी मानिकपुरी, आर के नामदेव, देवीदयाल सोनी, कृपाराम साहू, गंगाराम भारद्वाज, बद्री किरण, हेम राठौर, नागेन्द्र राय, व्यास नरायण सिंह, विनय कुमार एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



जैलगांव में प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

### कटघोरा में भी कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लांक कांग्रेस कमेटी कटघोरा द्वारा भाजपा सरकार द्वारा अघोषित विद्युत कटौती एवं बिजली दरों में बढ़ोतरी के विरोध में कटघोरा बस स्टैंड में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने पिछले महीने राज्य में सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए मौजूदा दरों की तुलना में बिजली दरों में औसतन 8.35 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। नये दरें एक जून से प्रभावी हो गई हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजीव लखनपाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि घरेलू उपभोक्ता, किसान, उद्योगपति या व्यवसायी, सभी बढ़ी हुई बिजली दरों और बिजली कटौती का खामियाजा भुगत रहे हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजीव लखनपाल ने आरोप लगाया कि राज्य में बिजली की दरें पड़ोसी राज्यों से अधिक हैं। उन्होंने दावा किया कि पिछली दरों की तुलना में बिजली दरों में औसतन आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है लेकिन बिजली के बिलों में डेढ़ गुना वृद्धि हुई है। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव लखनपाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोरेलाल यादव, पार्षद रविंद्र मोहन बघेल, रमेश पटेल, घनश्याम मालवानी, लाल बाबू सिंह ठाकुर अशरफ मेमन सहित अन्य उपस्थित थे।

# स्वाति इंटरप्राइजेस में आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऑटो पाट्र्स की एक दुकान में मंगलवार को अचानक आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को काबू तो कर लिया गया लेकिन तब तक लाखों का माल जल कर स्वाहा हो चुका था। फिलहाल आगजनी से कितने का नुकसान हुआ है इसकी सूचना दुकान संचालक ने पुलिस को नहीं दी है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र के टीपी नगर का है। यहां स्वामी इंटरप्राइजेज के नाम से ऑटो पाट्र्स का दुकान संचालित किया जाता है। मंगलवार की सुबह लगभग 11 बजे अचानक दुकान में आग की लपटें उठनी शुरू हो गई। जब तक आग को काबू करने का प्रयास किया जाता तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। इस बीच पूरे टीपी नगर क्षेत्र में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी। आगजनी की सूचना मिलते ही सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव तत्काल मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की टीम को इसकी सूचना दी गई। सीएसईबी की दो दमकल एवं नगर सेना की एक दमकल पहुंची लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को काबू किया जा सका। फिलहाल आगजनी की घटना से दुकान संचालक को कितने का नुकसान हुआ है यह जांच के बाद ही पता चलेगा। सीएसईबी चौकी प्रभारी भीम सिंह यादव ने बताया कि दुकान संचालक ने इसकी अभी अधिकृत सूचना नहीं दी है फिर भी आगजनी से दुकान संचालक को लाखों का नुकसान होना बताया जा रहा है।

**खास बात**

- टीपीनगर क्षेत्र की घटना, शार्ट सर्किट होने की संभावना



दुकान में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी।

### सबमर्सिबल पंप की चोरी, मामला दर्ज

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अंडीकछार में चोरों के द्वारा सबमर्सिबल पंप को निशाना बनाया है। अंडीकछार के गौठान का दो सबमर्सिबल पंप को चोर चोरी कर ले गए हैं। जिससे पुराना बस्ती के मोहल्लेवासी अपने जीवन निस्तारी के लिए पानी के मोहताज हो गए हैं। चोर के द्वारा अलग अलग क्षेत्र में लगे सबमर्सिबल पंप को निशाना बनाया जा रहा है जिसे लेकर ग्राम पंचायत के सरपंच राधेश्याम खैरवार ने हरदीबाजार थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

